दिनांक-24.12.2024 समय-7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री ने क्रिसमस कार्यक्रम को किया संबोधित, कहा-नागरिकों की सुरक्षा हमारा पहला कर्तव्य।
- प्रधानमंत्री कल केन-बेतवा जोड़ो नदी योजना का करेंगे शुभारंभ। मुख्यमंत्री ने बताया एतिहासिक क्षण।
- राष्ट्रीय उपभोक्त दिवस आज। उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण के लिए कई नई पहल की होगी शुरूआत।
- प्रदेश में इस सप्ताह कुछ जिलों में बारिश और ओलावृष्टि की संभावना।

प्रधानमंत्री - क्रिसमस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जब समाज में हिंसा फैलाने की कोशिश की जाती है तो उन्हें पीड़ा होती है। कल शाम नई दिल्ली में भारतीय कैथुलिक बिशोप सम्मेलन द्वारा आयोजित क्रिसमस समारोह को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा अपना कर्तव्य मानता है, चाहे वे कहीं भी हों या वे किसी भी संकट का सामना कर रहे हों। यह पहली बार था जब किसी प्रधानमंत्री ने भारत में कैथोलिक चर्च के मुख्यालय में इस तरह के कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने इस आयोजन को यादगार बताया।

बाईट- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

मुख्यमंत्री केन बेतवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश की प्रथम नदी जोड़ो परियोजना केन-बेतवा लिंक से मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के समूचे बुंदेलखंड क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदलेगी। इससे किसानों को जहां सिंचाई के लिए भरपूर जल उपलब्ध होगा, वहीं पेयजल और उद्योगों के लिए भी पर्याप्त पानी मिलेगा। मुख्यमंत्री कल सागर गौरव दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस परियोजना का शिलान्यास करने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल छतरपुर जिले के खजुराहो आ रहे हैं।

केन बेतवा योजना

उल्लेखनीय है कि केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना, देश में भूमिगत दाबयुक्त पाइप सिंचाई प्रणाली अपनाने वाली सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना है। यह परियोजना मध्यप्रदेश के छतरपुर और पन्ना जिले में केन नदी पर निर्मित की जा रही है। परियोजना के अंतर्गत पन्ना टाइगर रिजर्व में केन नदी पर दौधन बांध और 2 टनल का निर्माण कर बांध में जल का भंडारण किया जायेगा। बांध से 221 किलोमीटर लंबी लिंक नहर के द्वारा दोनों राज्यों में सिंचाई एवं पेयजल की सुविधा प्रदाय करते हुये केन नदी के अधिशेष जल को बेतवा नदी में अंतरित किया जावेगा। इससे प्रदेश के 10 जिले पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, सागर, रायसेन, विदिशा, शिवपुरी एवं दतिया के 2 हजार ग्रामों में 8.11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो सकेगी। इससे लगभग 7 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे।

उपभोक्ता दिवस

आज राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस है। इस अवसर पर केंद्रीय उपभोक्ता मामले मंत्री प्रल्हाद जोशी नई दिल्ली में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। श्री जोशी उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण के लिए विभिन्न पहल की शुरूआत करेंगे। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रमुख पहलों में ई-मैप पोर्टल, एआई युक्त दूसरी राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन, जागो ग्राहक जागो ऐप, जागृति ऐप और जागृति डैशबोर्ड का लॉन्च शामिल है। इन पहलों का लक्ष्य उपभोक्ताओं को धोखाधड़ी से बचाना है। आयोजन के दौरान तेरह प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियां उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिज्ञा पत्र पर हस्ताक्षर भी करेंगी। इस वर्ष राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का विषय है - वर्चुअल सुनवाई और उपभोक्ता न्याय तक डिजिटल पहुंच। इस अवसर पर मध्यप्रदेश में भी कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

ड्रोन नीति

ड्रोन टेक्नोलॉजी के लिए बेहतर पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने और ड्रोन नीति पर विचार विमर्श के लिए कल भोपाल में एक कार्यशाला हुई। इसमें ड्रोन प्रौद्योगिकी के व्यापक अनुप्रयोगों पर चर्चा की गयी। सर्वेयर जनरल ऑफ इंडिया हितेश कुमार मकवाना, ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ड्रोन केन्द्र सूचना पोर्टल भी लॉंच किया गया।

सर्वेयर जनरल श्री मकवाना ने कहा कि मध्यप्रदेश ड्रोन टेक्नोलॉजी के उपयोग में एक अग्रणी राज्य के रूप में उभर रहा है। राज्य ने स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन मे ड्रोन टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुये विशेष उपलब्धि हासिल की है। ड्रोन टेक्नोलॉजी कुशल, सुलभ और कम लागत मे उपलब्ध टेक्नोलॉजी है।

मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसी भी तरह के भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेगी। इसके लिए जिस भी स्तर पर आवश्यक होगा सरकार द्वारा कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कई कठोर निर्णय लिए हैं, जिनमें टोल बैरियर पर वसूली बंद करने का निर्णय भी एक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की दो दशकों से अधिक की सफलता के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। भोपाल में आज आयोजित इस कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह शामिल होंगी। कार्यक्रम में पीएमजनमन योजना के कार्य, पुल पुलिया निर्माण, प्राधिकरण के नवाचार संवेग, ई मार्ग, संपर्क विहीन वन ग्राम जोड़ने, पीएमजीएसवाय के तहत मिसिंग लिंक जोड़ने के साथ आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

मौसम

प्रदेश के कुछ जिलों में इस सप्ताह बारिश के साथ ही ओलावृष्टि होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान छतरपुर में 6 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं भोपाल में कल ठंड से राहत थी और तापमान 10 दशमलव 2 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने कई जगह धुंध और कोहरे की संभावना जताई है। ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया के लिए कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीहोर जिले के ग्राम सियागहन में तीन श्रमिकों की मृत्यु पर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से मृतकों के परिजन को दो-दो लाख रुपए की सहायता राशि और बेहतर इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।
- पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व आज भोपाल में मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में सुशासन दिवस की शपथ दिलाई जायेगी।
- गणतंत्र दिवस 2025 के लिए झांकियों का विषय 'स्वर्णिम भारतः विरासत और विकास' होगा। कर्तव्य पथ पर झांकी दिखाने के लिए 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का चयन किया गया है। साथ ही केंद्र सरकार के 11 मंत्रालयों और विभागों को भी चुना गया है।
- पन्ना जिले मे राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर कल ब्रह्माकुमारीज़ विद्यालय, पवई में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में किसान भाइयों का सम्मान किया गया।
- आगरमालवा मे जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन जिला खेल और युवा कल्याण विभाग, नेहरू युवा केन्द्र और राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आज सुबह श्री संस्कार अकेडमी में किया जाएगा।
- शिवपुरी जिले में सुशासन सप्ताह अंतर्गत सुशासन की दिशा में किए गए कार्य पर चर्चा के लिए मानस भवन में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने कहा कि हमें लगातार संभावनाओं को देखते हुए बेहतर करने का प्रयास करना चाहिए।
- डिंडौरी जिले में 19 से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में कल जिला स्तरीय सुशासन कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।
- झाबुआ जन अभियान परिषद मप्र ने समृद्धि योजना अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं का जिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण 23 दिसंबर को बाड़कुआ में एक निजी गार्डन पर प्रारंभ किया गया।

- महिला क्रिकेट में, तीन मैचों की आईसीसी चैंपियनशिप श्रृंखला के दूसरे एकदिवसीय मैच में भारतीय टीम का सामना आज वेस्टइंडीज से होगा। यह मैच वडोदरा में डे   बजे से खेला जाएगा।

-------------